आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.02.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– वर्ष 2032 तक हिमाचल आत्मनिर्भर के साथ आदर्श ग्रीन स्टेट के साथ होगा स्थापित।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केंद्र से प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिती और वित्तीय विषय पर की चर्चा।
- ऊना जिला के डेरा बाबा बड़भाग सिंह में 10 दिवसीय होला मोहल्ला मेला शुरू–श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।

  और
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना प्रदेश के युवाओं के लिए बनी आत्मनिर्भर बनने का बेहतर जरिया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्ष 2032 तक हिमाचल न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि एक आदर्श ग्रीन स्टेट के रूप में भी स्थापित होगा। वे कल देर शाम शिमला में पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी व जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा तैयार गैर सीओ–टू उत्सर्जन पर वैज्ञानिक विमोचन रिपोर्ट के अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा की सरकार ने अपने पहले बजट से ही इस दिशा में कार्य आरम्भ कर दिया था और नॉन सीओ–टू मिशन के तहत पिछले तीन वर्षों से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उदेश्य इलैक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देना और सौर ऊर्जा योजनाओं को लागू करना प्रमुख है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल में देखने को मिले है।

*नॉन सीओ–टू मिशन और सीओटू मिशन को कम करने के लिए हमारी सरकार ने बरसक प्रयास किए है आपने देखा कि बजट के बाद हम ई–व्हीकल चाह रहे है नॉन सीओटू मिशन जो रहा है वह हम पिछले तीन साल से सोच रहे है हमने ग्रीन स्टेट बनना है अड़चने है 2026 लक्ष्य रखा था लेकिन व बड़ रहा है जो डिजिल बसें है उसे हम पैट्राल बसों को हम कम करने जा रहे है एचआरटीसी है उसे हम इलैक्ट्रिक व्हीकल सिस्टेंमैटिक बसों में कनर्वट करना है इस साल बहुत ज्यादा मात्रा में इलैक्ट्रिकल बसें आ जाएंगी।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ग्रीन हाईड्रोजन से बिजली उत्पादन, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चला रही है ताकि वन क्षेत्र में दो प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में जैव संसाधन आधारित उद्योगों व औषधीय पौधें की खेती को बढ़ावा देने के लिए दो कम्पनियों के साथ एम.ओ.यू. भी हस्ताक्षरित किए।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि उन्होंने केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमन के साथ नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट के दौरान हिमाचल प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न वित्तीय विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमाचल प्रदेश के संतुलित व सतत विकास के लिए केंद्र का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने प्रदेश की आर्थिक मजबूती, आधारभूत संरचना के विकास, आपदा राहत और विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह भी किया।

*केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमन जी से मिलना हुआ है और हिमाचल प्रदेश कि जो आर्थिक स्थित है उस संदर्भ में विस्तार से चर्चा हुई है और विशेषतौर से कांगेस सरकार ने कांग्रेस नेताओं ने रैन्यू डैफिसेट ग्राट के विषय में शोर डाला है और मैं इस बात के लिए केंद्र सरकार का आभार भी हूं हो हिमाचल प्रदेश केंद्र के सहयोग के बिना चल नहीं पाता है केंद्र लगातार मद्द कर रहा है लगतातार मंद्द कर रहा है लेकिन जो मुख्यमंत्री बार–बार एक बात रैन्यू ग्राट हिमाचल के लिए बंद की है वह हिमाचल के लिए नहीं 17 राज्यों को मिलती थी वह बंद की है वह सभी राज्य के लिए बंद हुई है जिसमें अंतिम फैसला केंद्र सरकार ने करना है अभी बजट सत्र चल रहा है अभी चर्चा होनी है।*

मिति समिति

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजीलॉकर से संबंधित नियमों की समीक्षा और सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। मंत्रालय के अनुसार, यह समिति मौजूदा डिजीलॉकर नियमों की जांच करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे वर्तमान प्रौद्योगिकी और कानूनी परिवेश के अनुरूप हैं। यह समिति भविष्य की रूपरेखा भी तैयार करेगी, जिसमें एंटिटी लॉकर सेवाओं, व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र में भागीदारी और संभावित व्यावसायीकरण की योजनाएं शामिल होंगी। मंत्रालय के पूर्व सचिव अजय सहनी समिति के अध्यक्ष होंगे। इसमें कानूनी तथा प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

होला मोहल्ला

ऊना जिला के अम्ब उपमंडल के तहत डेरा बाबा बड़भाग सिंह में 10 दिनों तक चलने वाले होला मोहल्ला मेला बीते कल शुरू हो गया। इस कार्यक्रम में देश के उतरी इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है, जो माथा टेकने के बाद मांजी साहिब गुरुद्वारा में शीष नवाकर साथ ही बहने वाली चरण गंगा में पवित्र डूबकी लगाते है। ऐसी मान्यता है कि ऐसे करने से मानसिक रोगों से निजात भी मिलती है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। इसके अलावा कानून व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की मद्द ली गई है और एक हजार 7 सौ 50 पुलिस व होमगार्ड के जवानों की तैनाती भी की गई है।

आरबीआई समझौता

डिजिटल इंडिया भाषिनी प्रभाग और भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं को संविधान की 8वीं अनुसूची की सभी 22 भाषाओं में उपलब्ध कराना है। दोनों संस्थान मिलकर बैंकिंग शब्दावली के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए एआई भाषा मॉडल विकसित करेंगे। जिसे बैंकिंग भाषिनी के नाम से जाना जाएगा। इसमें बैंकिंग शब्दावली, नियामक ढांचे और क्षेत्र–विशिष्ट उपयोग के मामले शामिल होंगे। भाषादान पहल के माध्यम से भाषाई डेटासेट को और अधिक समृद्ध बनाया जाएगा ताकि एआई सिस्टम की सटीकता बढ़ सके।

रोजगार सृजन

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना प्रदेश के युवाओं के लिए स्वरोजगार के जरिये आत्मनिर्भर बनने का बेहतर जरिया बनी है। इस योजना से कुल्लू जिला भी अछुता नहीं है। जिला में कई युवाओं ने योजना के तहत खादी ग्राम उद्योग के माध्यम से बैंकों से ऋण पाकर अपना व्यवसाय शुरू किया है।

*केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना कुल्लू जिला के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है इस योजना के अन्तर्गत स्थापित उद्यमों को उन्नयन हेतु विनिर्माण क्षेत्र के लिए 50 लाख व सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख रूपए के ऋण मिलता है कुल परियोजना लागत का 90 प्रतिशत बैंको के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है व कुल परियोजना लागत पर शहरी क्षेत्रों में 15 प्रतिशत व 25 प्रतिशत अनुदान के तौर पर और ग्रामीण क्षेत्र में 25 प्रतिशत व 35 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत न्यूनतम आयु 18 वर्ष है व अधिकतम आयु की सीमा नहीं है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से मैं आशीष शर्मा।*

बैडमिंटन

हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन ऐसोशियन द्वारा कुल्लू में चार दिवसीय राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के एक सौ 56 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों व खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी गोआ में होने वाली प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.......

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाल से लिखता है–मीथेन व ब्लैक कार्बन से बिगड़ रही हिमाचल की आबोहवा। दैनिक जागरण का शीर्षक है–सुक्खू बोले बादल फटना व सिकुड़ते ग्लेशियर जलवायु परिर्वतन के संकेत। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–नॉन सीओ–टू उत्सर्जन से निपटने के लिए सरकार औषधीय पौधों की खेती व संरक्षण पर देगी जोर।

हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–वित्तायोग ने नहीं की आरडीजी बंद करने की सिफारिश।

दिव्य हिमाचल की एक ख़बर है–ऊना की नंदिनी ठाकुर संयुक्त–भू वैज्ञानिक परीक्षा में देशभर में टॉपर।

सुरक्षित निवेश और तेज मुनाफे का झांसा देकर एक सौ 72 करोड़ रुपये का घोटला– शीर्षक से पंजाब केसरी ने लिखा है–को–ऑपरेटिव सोसायटी के कर्ताधर्ताओं के खिलाफ सीआईडी मामला दर्ज किया–प्रदेश में करीब 37 सेंटर संचालित।

'अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– वर्ष 2032 तक हिमाचल आत्मनिर्भर के साथ आदर्श ग्रीन स्टेट के साथ होगा स्थापित।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केंद्र से प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिती और वित्तीय विषय पर की चर्चा।
- ऊना जिला के डेरा बाबा बड़भाग सिंह में 10 दिवसीय होला मोहल्ला मेला शुरू–श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
  और
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना प्रदेश के युवाओं के लिए बनी आत्मनिर्भर बनने का बेहतर जरिया।

———————————————